


# पहले दिखाए बड़े-बड़े सपने, अब सड़क भी नसीब नहीं

**खास बातें**

- जयप्रकाश कॉलोनी के रहवासियों ने की सड़क निर्माण की मांग
- अधिकांश कालोनियों के नाम भगवान पर रखे और प्लाट बेच कर लापता कॉलोनाइजर



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 जुलाई शहर और उसके आसपास कालोनाईजर अवैध कालोनियों को काटने के पहले लोगों को कई सपने दिखाते है और जब कालोनी कट जाती है और प्लाट बिक जाते हैं जिसके बाद कालोनाइजर लापता हो जाते हैं. और यहां पर रहने वाले लोग जरूरत की सुविधाओं के लिए परेशान होते नजर आते हैं.सड़क, पानी, बिजली और सुरक्षा के लिए नपा और प्रशासन के अधिकारियों के चक्कर लगाते रहते हैं. अभी जब से बारिश का दौर शुरू हुआ तब से करीब एक दर्जन से ज्यादा कालोनियों के रहवासी और परेशानियों को लेकर कलेक्टर के पास पहुंच चुके हैं.**

अधिकांश रहवासियों की यही शिकायत है कि उनको कालोनी में वह सुविधाएं नहीं मिल रही है जिनका वादा कर कालानियों में प्लाट बेंचा गया था. वहीं वायपास और शहर के दूसरों इलाकों में 100 के आसपास अवैध कालोनियां आकार ले चुकी हैं वहीं बड़ी संख्या में अवैध कालोनियां आकार भी ले रहीं है. जिस तरफ न तो नपा के अधिकारियों का ध्यान है और न ही राजस्व अमला इस तरफ गौर कर रह है.

वार्ड नंबर 26 रॉयल सिटी के पास जयप्रकाश कॉलोनी के रहवासी सड़क समस्या से काफी परेशान हैं. कुछ दिन पहले सड़क निर्माण करने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी को महिलाओं ने ज्ञापन दिया था और मांग की थी कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए. इस दौरान सुशीला श्रीवास्तव, पूनम पांडे, कलावती, प्रभा, सीमा, सुनीता आदि महिलाओं ने बताया कि रायल सिटी पुलिया से लेकर जयप्रकाश कॉलोनी तक करीब डेढ़ सौ मीटर का रोड है जिस पर वर्तमान में कीचड़ होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा कॉलोनी में नालियों का निर्माण कराया गया था, वह घटिया होने के कारण नालियां ओवर फ्लो हो रही हैं और उनका पानी सड़क पर आ जाता है.उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के दौरान पानी निकासी के अनुसार नालियां नहीं बनाई गई हैं, जिसके कारण से परेशानी हो रही है. उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार वर्षो से वह सड़क निर्माण करने की मांग को लेकर नगर पालिका में कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है.इसी सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया है और जल्द से जल्द सड़क निर्माण करने की मांग की गई है.इस अवसर पर बड़ी संख्या में जयप्रकाश कॉलोनी की महिलाएं मौजूद थीं.

# दो चौकियों पर सालों से लटके ताले, करैयाखेड़ा में क्राइम बढ़ा

**कुछ चौकियां चालू पर स्टाफ की कमी**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 जुलाई, शहर के कुछ ऐसे इलाके ऐसे है जिनको संवेदनशील माना जाता है, यहां पर होने वाले अपराधों को कम करने के लिए इन इलाकों में पुलिस चौकियों को खोला गया था, लेकिन अब इन चौकियों पर ताले लटके हुए हैं, मोहनगिरी इलाका और सोंठिया फाटक के पास भी पुलिस चौकी बनाई गई थी जिस पर कई सालों से ताला लटका हुआ है.**

दोनों ही इलाकों में बनी चौकियों को शुरू करने की मांग कई बार उठ चुकी है, वहीं दूसरी तरफ शहर का करैयाखेड़ा, सुभाष नगर और शेरपुरा ऐसे इलाके उभर कर सामने आए हैं जहां पर क्राइम बढ़ा है. जिनमे से करैयाखेड़ा इलाके में पुलिस चौकी बनाने की मांग भी उठ चुकी है.शहर के मोहन गिरी बस स्टैंड के पास स्थित पुलिस सहायता केंद्र पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है. जैन स्कूल के पास बने इस केंद्र की हालत आज जर्जर हो चुकी है। दीवारों पर पोस्टर और विज्ञापन चिपके हुए हैं, जिससे स्पष्ट है कि इस केंद्र की लंबे समय से कोई देखरेख नहीं की गई है. यह केंद्र कभी यात्रियों और आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए बनाया गया था, लेकिन अब यह उपेक्षा का शिकार है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में आए दिन भीड़ रहती है, जहां पुलिस सहायता केंद्र का सक्रिय होना जरूरी है. यहां असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह केंद्र उपयोगी साबित हो सकता है.लोगों की मांग है कि प्रशासन इस केंद्र की मरम्मत कर इसे फिर से चालू करे, ताकि नागरिकों को समय पर मदद मिल सके और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो. लंबे समय से निष्क्रिय पड़े इस केंद्र की स्थिति यह बताती है कि संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण जनता को मिलने वाली सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं. इस संबंध में एसपी रोहित काशवानी का कहना है कि जरूरत के हिसाब से पुलिस चौकियों में बल बढ़ाया जाएगा.

# आयोजित हुआ पत्रकार मिलन समारोह

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**,रविवार को स्थानीय दाद्जी प्लाजा के बैंकेट हॉल में असेंबली ऑफ़ एमपी जर्नलिस्टस यूनियन का जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्न हुआ. जिसमें जिले की विभिन्न तहसीलों से आये पत्रकारों एवं पत्रकारिता से जुड़े हुए लोगों ने सहभागिता की.कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि प्रथम जिला न्यायाधीश एवं गंजबासौदा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश व विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी एवं सिविल जज रावेंद्र सोनी, मुख्य अतिथि यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राधावल्लभ शारदा मौजूद रहे.कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजय राय, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना जैन भाजपा की उपस्थिति में संपन्न हुआ.कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं विश्व के प्रथम संवाददाता ब्रह्म ऋषि नारद मुनि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया.इसके पश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व सम्मान स्थानीय यूनियन के सदस्यों द्वारा पुष्पहारों एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया.कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रस्तावना से यूनियन के सचिव माधव शर्मा ने सभी को अवगत कराया.




## बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर हुयी बैठक

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** विश्व हिन्दू परिषद्व बजरंग दल प्रखंड नटेरन में मेड़े वाली माता मंदिर पर विश्व हिन्दू परिषद का एक दिवसीय वर्ग का आयोजन हुआ जिसमें विभाग सह मंत्री चंद्रभानसिंह बघेल जिला संयोजक सपन दिलेरीया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.आगामी बाबा बुढ़ा अमरनाथ चट्टानी यात्रा जो की बजरंग दल कई बरसों से इस यात्रा को करते आ रहा है जम्मू से पूछ राजौरी यात्रा 27 जुलाई से 7 अगस्त तक चलने वाली है जिसमें बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता बाबा बुड्ढा अमरनाथ चट्टानी के दर्शन करने के लिए प्रस्थान करेंगे.जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सतीश यादव जिला गौ रक्षा प्रमुख नीरज दिलरिया प्रखंड अध्यक्ष रामकरण मीणा प्रखंड मंत्री अंकेश यादव प्रखंड संयोजक विशाल यादव आदि उपस्थित रहे.

# विट्ठल नगर में हुई चोरी, रहवासियों में डर

**2 दिन पहले हुई चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विट्ठल नगर कॉलोनी में लगातार चोरियों की वारदातें हो रही हैं. जिससे रहवासियों में नाराजगी व्याप्त है. बताया गया कि दो दिन पहले यहां रहने वाले यादव परिवार के ट्रक घर के बाहर खड़े थे. ट्रक में से सामान चुराकर दो युवक अपनी बाइक पर ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं. सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना के बाद स्थानीय रहवासी नाराज दिखाई दे रहे हैं.उन्होंने कॉलोनाइजर और पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं. इसके साथ-साथ नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई न होने के आरोप भी लगाए गए हैं. इसी के साथ उन्होंने पिछले कई दिनों में छोटी बड़ी चोरी होने की बात भी कहीं गई.

**एक नजर में**

## सुरक्षा गार्डों को मिले वॉकी टॉकी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,जिला अस्पताल के सुरक्षा गार्ड मोहन सिंह और मोहित ने बताया कि जिला अस्पताल में पिछले कुछ समय से चोरी की वारदात ज्यादा हो रही थीं. मरीज और उनके परिजनों के सामान चोरी हो रहे थे। इसे देखते हुए जिला अस्पताल में सुरक्षा गार्ड को हाईटेक किया गया है। उनके हाथों में वॉकी टॉकी दिए गए हैं। जो जिला अस्पताल की तीन अलग-अलग मंजिलों और अलग-अलग वार्डों में तैनात सुरक्षा गार्ड्स को उपलब्ध कराए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति में वॉकी-टॉकी के जरिए तुरंत संपर्क कर सुरक्षा गार्ड और पुलिस को मदद के लिए भेजा जा सकता है.

## कांवड़ यात्री जायेंगे उज्जैन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सोमवार प्रात 9 बजे चरण तीर्थ विदिशा से कांवड़ यात्री पवित्र बेतवा का जल लेकर उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे. कांवड़ यात्रियों में प्रमुख रूप से तोप पूरा निवासी निशांत बैरागी और बांसकुली निवासी आकाश साकेत के अलावा विकास बाबा और उनके शिष्य रहेंगे.यह कावड़ यात्रा 8 दिन में पूरी होगी.करणी सेना के जिला अध्यक्ष हर्ष सिंह राजपूत ने कावड़ यात्रियों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन प्रदान किया है.

## नशा मुक्ति को लेकर दी समझाइश

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** ग्राम लायरा में शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल लायरा में नशा मुक्ति के संबंध में बालक बालिकाओं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों को समझाइश दी गई एवं शपथ दिलाई गई.पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जो व्यक्ति नशे का त्याग करेगा उसे व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया जाएगा. नशा मुक्ति कार्यक्रम में थाना प्रभारी कुरवाई चौकी प्रभारी मेहलुआ चौकी प्रभारी लायरा एवं शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक एवं पुलिस स्टाफ और नशा मुक्ति कार्यक्रम में छात्र- छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे.

# मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत रविवार को लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया. इस अवसर पर समाजसेवियों तथा समिति के सदस्यों ने करीब पांच दर्जन से अधिक वृक्षों का रोपण किया.**प्रत्येक रविवार को मोक्षधाम सेवा समिति के माध्यम से मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम संपन्न होता हैं. मोक्षधाम सेवा समिति के सदस्य एवं नगर के समाजसेवी सुबह परिसर में एकत्रित हुए तथा परिसर में नदी किनारे एवं मुख्य मार्ग पर पीपल, अशोक सहित अनेक पौधों का रोपण किया. नागरिकों ने परिसर में उग रही गाजर घास को भी साफ कर स्वच्छता बनाई. इस अवसर पर सचिन शर्मा, सीएमओ रामप्रकाश साहू, बालमुकुंद कुशवाह, राकेश भार्गव, अशोक ठाकुर, शेरसिंह भदौरिया, मोहन रघुवंशी, अनिल श्रीवास्तव, श्याम कुमार साहू, बबलू मालवीय,गौरव चौरसिया, अर्पित मित्तल, सुलभ गर्ग आदि मौजूद रहे.

# मिनी पचमढ़ी झरना पर तैनात हुये वनकर्मी




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** हलाली डैम के पास बने मिनी पचमढ़ी झरने पर लगातार लोग नहाने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे थे, जिससे किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी. इसी को देखते हुए आज प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए वन विभाग के कर्मचारियों को मौके पर तैनात किया है. कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी व्यक्ति को झरने के पास न जाने दिया जाए. वन विभाग की टीम ने चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों को सतर्क किया है और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए गेट भी बंद कर दिया गया है.

# कलियुग में पार्थिवलिंग का निर्माण व पूजन श्रेष्ठ : हरिहरदास महाराज

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** सतयुग में मणिलिंग, त्रेतायुग में स्वर्ण लिंग, द्वापर में पारद एवं कलियुग में पार्थिवलिंग के निर्माण और पूजन को श्रेष्ठ कहा गया है. शिव महापुराण के विद्येश्वर संहिता अध्याय उन्नीस में उल्लेख है कि भगवान शिव के सभी आठ मूर्तियों में पार्थिव मूर्ति श्रेष्ठ है.किसी अन्य द्वारा न पूजी हुई नवनिर्मित पार्थिवमूर्ति के पूजा करने से तपस्या से अधिक फल प्राप्त होता है जैसे सभी देवताओं में शंकर ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कहे जाते हैं. उसी प्रकार सभी लिंग मूर्तियों में पार्थिव लिंग श्रेष्ठ कहा जाता है.सभी नदियों में गंगा ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कही जाती हैं, वैसे ही सभी लिंग मूर्तियों में पार्थिवलिंग श्रेष्ठ कहा जाता है.

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में सावन के पावन मौके पर बन रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने कहा कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा को स्त्री पुरुष सभी कर सकते हैं. यह सम्पूर्ण मनोरथों को पूर्ण करने वाली है.पार्थिव शिवलिंग मिट्टी, जल, भस्म, चन्दन, शहद आदि को मिश्रित (मिलाकर) करके अपने हाथों से निर्मित किया जाता है.इसके लिए छानी हुई शुद्ध मिट्टी, गाय का गोबर, गुड़, मक्खन , शहद ,चन्दन और भस्म मिलाकर शिवलिंग का निर्माण करना चाहिए.रविवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक पूजन यजमान बृज किशोर सुहाने एवं सौरव सुहाने द्वारा किया गया। आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेदमूर्ति पं. शिवशंकर पाण्डेय वेदध्यापक बनारस ने बताया कि पार्थिव पूजन कालसर्प योग, गृहक्लेश, व्यापार में नुकसान, शिक्षा में रुकावट सभी कार्यों एवं बाधाओं को दूर करने के लिए रुद्राभिषेक आपके अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है.पशु,भवन,वाहन प्राप्ति के लिए दही, लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए इक्षु रस (गन्नेका रस), धन प्राप्ति के लिए मधु (शहद) और घृत (घी) से, मोक्ष प्राप्ति के लिए तीर्थ के जल से अभिषेक करना चाहिए. पुत्र की इच्छा करने वाले व्यक्ति को दूध से शिवजी का अभिषेक करना चाहिए.प्रमेह रोग के विनाश के लिए विशेष रूप से केवल दूध की धारा से अभिषेक करना चाहिए, इससे मनोवांछित कामना की भी पूर्ति होती है. बुद्धि की जड़ता को दूर करने के लिए और बुद्धि तेज करने के लिए शक्कर मिले दूध से अभिषेक करना चाहिए, ऐसा करने पर भगवान शंकर की कृपा से उसकी बुद्धि श्रेष्ठ हो जाती है. सरसों के तेल से अभिषेक करने पर शत्रु का विनाश हो जाता है.उन्होंने बताया कि आश्रम में अध्ययनरत वेदपाठी बटुक विद्यार्थियों के द्वारा भगवान शंकर की पार्थिव शिवलिंग का शुक्लयजुर्वेद के मंत्रों से पृथक पृथक पूजन एवं शुक्लयजुर्वेद में भगवान शिव को समर्पित विशेष मंत्र जिन्हें रुद्राष्टाध्यायी के नाम से जाना जाता है, ऐसे दिव्य मंत्रों के सस्वर पाठ से भगवान का रुद्राभिषेक नित्य संपन्न कराया जा रहा है.

## सांप्रदायिक सद्भाव व राष्ट्रीय एकता पर हुयी संगोष्ठी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** स्थानीय सेंट मेरी पीजी कॉलेज में विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जिला सर्वोदय मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई. संगोष्ठी के मुख्य वक्ता गांधीवादी चिंतक सर्वोदय मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राम धीरज थे जबकि अध्यक्षता फादर सीनटो वर्गीज द्वारा की गई.इस अवसर पर राम धीरज ने छात्रों का आवाहन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को पारस्परिक प्रेम और सद्भाव से बनाए रखना जरूरी है ,सृष्टि में जिसने भी जन्म लिया उसे जीने का अधिकार है उसमें कोई छोटा या बड़ा नहीं है सब धर्म सामान हैं.आज विश्व हिंसक दौर से गुजर रहा है, ऐसे में गांधी और विनोबा के अहिंसआत्मक विचारों से ही शांति स्थापित हो सकती है.अध्यक्षीय उद्बोधन में फादर सीनटो ने कहा कि सबसे प्रेम करना चाहिए.

# मथुरा के कथावाचक विदिशा आये

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,रविवार को मथुरा के प्रसिद्ध कथावाचक चर्तुनारायण पाराशर का विवेकानंद चौराहे पर स्वागत किया गया. वह अल्प प्रवास पर विदिशा आए थे।सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिती के वैत्रवती मंडल के हैप्पी यादव ने बताया कि कथावाचक भोपाल की ओर मधुरा की ओर जा रहे थे, वह कुछ समय विदिशा में रूके थे. कुछ लोगों से मिलकर शाम को मथुरा की ओर रवाना हो गए.










**कांफ्रेन्स** | **इंडियन एकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की हुयी जोनल इन्फेक्शियस डिजीज कॉन्फ्रेंस**

# हर मर्ज़ में एंटीबायोटिक से इलाज रामबाण नहीं होता-डॉ .एम के जैन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,इंदौर में 19-20 जुलाई को इंडियन अकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स की ज़ोनल इन्फेक्शियस डिज़ीज़ कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय आईएपी अध्यक्ष डॉ नीलम मोहन , आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ केके अरोरा, डॉ पी वाल्वेकर एवं पूरे देश से सम्मिलित हुए डेलीगेट्स की उपस्थिति में कोलकाता से आये विशेषज्ञ अतिथि डॉ जयदीप चौधरी ने बताया की आज हर मर्ज में अत्यधिक एंटीबायोटिक के उपयोग से पेट के बीमारी कारक तत्वों के साथ साथ आंतों में पाचन तंत्र को सुचारू रखने वाले तत्व भी नष्ट हो जाते हैं.फलस्वरूप नई समस्याएं जैसे दस्त , उल्टी , पेट दर्द , पेट में जलन , पेट फूलना , भूख ना लगना तत्काल उत्पन्न हो सकती है और बिना जरूरत लंबे समय एंटीबायोटिक दवाएँ के सेवन से एंटीबॉटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है और भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर वह दवायें कारगर नहीं हो पाती और सामान्य बीमारी भी लाइलाज होने लगती है साथ ही एलर्जी , अस्थमा तथा मधुमेह की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है समय रहते सावधान होने और सचेत रहने की आवश्यकता है तार्किक रूप से आवश्यकता होने पर सही एंटीबायोटिक दवा , सही समय तक , सही खुराकों में उपयोग करना चाहिए.

संगोष्ठी के चेयरपर्सन के रूप में संबोधित करते हुए डॉ एम के जैन ने बताया कि हर मर्ज में जैसे वायरल बीमारियों , फंगल बीमारियों , प्रोटोज़ुअल बीमारियों अथवा मौसमी बीमारियों में आवश्यकता ना होने पर भी एंटीबायोटिक उपयोग करने से अनेकों समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं बचाव और रोकथाम के लिए वास्तव में आवश्यकता होने पर ही एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करना चाहिए क्योंकि यह एक दुधारू तलवार की तरह कार्य करती है और हर मर्ज़ और हर तकलीफ़ में एंटीबायोटिक के रामबाण जैसे उपयोग से बचना चाहिए.

